पंजाब केसरी 02/12/2023

जी.एम.एन. कालेज में विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

अम्बाला, 1 दिसम्बर (स.ह.): गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा निर्देशन व डा. धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान एक जागरूक व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता व शपथ ग्रहण की गई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बीमारी का इलाज केवल सामाजिक जागरूकता है, यदि हम स्वयं इस बारे में जागरूक होंगे तभी समाज के लोगों को जागरुक कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से इस बीमारी को समाज से पूरी तरह से समाप्त करें और आज इसी संदर्भ में हम संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण करते हैं कि हम सभी अपने-अपने परिवार, समुदाय, गांव और राज्य में इस बीमारी के प्रति स्वयं जागरूक होंगे और अन्य व्यक्तियों को इसके लिए जागरूक करेंगे तभी एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज की स्थापना संभव होगी।

इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय सेवा समिति के अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी, अनीश कुमार और डा. सरोज बाला ने एड्स के संदर्भ में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. यूथ रैडक्रॉस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ एन.सी.सी. के कैडेट्स ने डा. एस. एस नैन के नेतृत्व में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कालेज में किया गया सैमीनार का आयोजन

इसके अलावा कालेज में राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा हाउ टू राइट ए रिसर्च पेपर इन आर्ट्स विषय पर एक सैमीनार का आयोजन किया गया जिसमें डा. कुशल पाल आई.जी.एन. कालेज लाडवा के प्रिंसीपल ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई।

सैमीनार में कालेज के स्टाफ व दूसरे कालेज से आए प्रवक्ताओं सहित स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सैमीनार के माध्यम से डा. कुशल पाल ने रिसर्च पेपर राइटिंग के गुर बच्चों स्टाफ मैंबर्स को बताए। इस मौके पर राजनीति शास्त्र के सभी प्रवक्ता डा. एस.एस. नैन, डा. के.के. पनिया, डा. तृप्ति शर्मा व डा. सरोज लोहान सहित अन्य विभागों के सहायक प्रवक्ता भी उपस्थित रहे।

जानकारी देते प्रवक्ता व रैली निकालते कालेज के छात्र-छात्राएं।